नोएडा में नामी कंपनियों के नाम से बेचा जा रहा नकली पाइप, छापेमारी में खुला मामला

जागरण संवाददाता, नोएडा। कोतवाली सेक्टर-63 क्षेत्र की चोटपुर कॉलोनी स्थित एक दुकान में नामी कंपनियों के नाम से नकली पाइप बेचने का मामला सामने आया है। कंपनियों के अधिकृत प्रतिनिधि की ओर से दुकानदार और उसके सहायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।
सेक्टर-25 स्थित सेमिता लीगल में वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर कार्यरत मोहम्मद तौकीर ने दर्ज कराई एफआइआर में बताया कि उनकी कंपनी को एस्ट्रल लिमिटेड, आशीर्वाद पाइपस प्राइवेट लिमिटेड व द सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नकली उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के लिए अधिकृत किया गया है।

9 जून को शिकायतकर्ता और टीम के सदस्य अजहर ने सेक्टर-63 स्थित चोटपुर कॉलोनी में सर्वे किया तो पाया कि एक दुकानदार शिकायतकर्ता की कंपनियों के नकली उत्पाद बेच रहे हैं।

इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने दुकान पर छापेमारी की तो दुकानदार ने अपना नाम अभिषेक बताया। उसने कहा कि वह सहायक है और दुकान मालिक का नाम सुमित कुमार बताया।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/noida-ncr-selling-fake-pipes-in-name-of-reputed-companies-in-noida-23736521.html